nandgaon times march-31-02.qxd 3/30/2024 10:53 PM Page 1

चिखली में पीलिया व... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।


ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 31 मार्च 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 167, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## पीएम मोदी ने भारत रत्न से सम्मानित हस्तियों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान च्भारत रत्नज् से सम्मानित किए दिग्गजों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान च्भारत रत्नज् से सम्मानित किए गए लोगों के योगदान की सराहना की और पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिंह राव और चौधरी चरण सिंह सहित अन्य दिग्गजों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न एक ऐसी विभूति को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को समाज के अत्यंत पिछड़े वर्ग के मसीहा के रूप में जाना जाता है और समाज में हाशिये पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए उन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा, पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए कर्पूरी जी का अथक संघर्ष हमेशा याद किया जाएगा। उनको भारत रत्न का सम्मान, हमारे समावेशी समाज और संवेदनशीलता के भारतीय मूल्यों का ही सम्मान है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि मंत्री एम एस स्वामीनाथन तथा बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च



नागरिक सम्मान भारत रत्न मरणोपरांत प्रदान किया। राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन को दिए गए पुरस्कार उनके परिवार के सदस्यों ने लिए। मोदी ने कहा, चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न देश के विकास, विशेषकर कृषि और ग्रामीण विकास में उनके अतुलनीय योगदान का सम्मान है। मुझे विश्वास है कि कड़ी मेहनत और जनसेवा के लिए उनकी प्रतिबद्धता हमारी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। चौधरी चरण सिंह के लिए उनके पोते और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने राष्ट्रपति से यह सम्मान स्वीकार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीवी नरसिम्हा राव ने हमारे देश के लिए जो किया है, हर भारतीय उसकी प्रशंसा करता है और गर्व महसूस करता है कि उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा, च्राव ने हमारे देश की प्रगति और आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया। उन्हें एक सम्मानित विद्वान और विचारक के रूप में भी जाना जाता है। उनके योगदान को हमेशा संजोया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के लिए मुर्मू से यह सम्मान उनके पुत्र पी वी प्रभाकर राव ने स्वीकार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन कृषि की दुनिया में एक सम्मानित हस्ती थे और आनुवंशिकी व कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्य और अनुसंधान के लिए व्यापक रूप से उनकी प्रशंसा की जाती है। उन्होंने कहा, उनके उल्लेखनीय योगदान तथा प्रयासों ने भारत को खाद्य उत्पादन में संघर्ष से आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया। मैं कामना करता हूं कि उन्हें दिया गया भारत रत्न कृषि और खाद्य सुरक्षा में अनुसंधान करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करे। स्वामीनाथन की ओर से उनकी बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर की ओर से उनके बेटे रामनाथ ठाकुर ने राष्ट्रपति मुर्मू से यह पुरस्कार लिया। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। सरकार ने इस साल राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन के अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री एल के आडवाणी को भी भारत रत्न पुरस्कार देने की घोषणा की थी।

## रानी मंदिर में रंगपंचमी उत्सव मनाया गया

**राजनांदगांव / छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** रियासत कालीन प्राचीन रानी मंदिर छुईखदान में चैत्र कृष्ण पक्ष 30 मार्च 2024 शनिवार को



रंगपंचमी उत्सव पर भक्तों द्वारा भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी , भगवान भोले शंकर सहित पूजा स्थल पर समस्त देवताओं को रंग गुलाल लगाकर , लाल फूल दशमन , श्रीफल भेंट किया गया। राजपरिवार की बहु श्रीमती लतारानी लाल जे के वैष्णव संरक्षक मंदिर समिति ने बताया कि प्रत्येक तीज त्यौहारों को हर्षोल्लास से मनाते हुए होली उत्सवों में अंतिम रंगपंचमी पर भगवान श्री राधाकृष्ण जी को गुलाल लगाकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर , प्रसाद वितरण किया गया । इस अवसर पर रंगपंचमी पर्व के महत्तम की जानकारी देते हुए वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे के वैष्णव ने भगवान भोलेशंकर मां पार्वती जी एवं भगवान श्री राधे कृष्ण की कथा को बताया एवं रंगपंचमी पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी । भक्तों में प्रहलाद महोबिया, भारती यादव , नंदिनी यादव, योगेश महोबिया , पुजारी अनिल रानी मंदिर , लाल सूर्याशीष वैष्णव , कु. भूमि पायल यादव अरविन्द शर्मा , मीरा महोबिया रिमझिम, पल्लवी चंदेल , अमित सोनी , हर्ष यादव , खुमेश यादव, प्रियांशी बैस सहित छोटे बच्चे भगवान को रंग गुलाल लगाकर रंगपंचमी में शामिल रहे ।

## महतारी वंदन योजना.. 1 अप्रैल को नहीं आएगी राशि : मुख्यमंत्री साय ने वित्तीय वर्ष खत्म होने का दिया हवाला, अगली तारीख बताई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1 हजार रुपए हर महीने मिलने हैं। इस योजना की दूसरी किस्त 1 अप्रैल को मिलने की बात सरकार ने कही थी लेकिन यह राशि 1 अप्रैल को नहीं आएगी। मुख्यमंत्री ने इसका कारण, वित्तीय वर्ष खत्म होना बताया है। मार्च में ही इस योजना की शुरुआत हुई थी। अब रुपए देने की तारीख में बदलाव किया गया है। शनिवार को जब रायपुर के कांदुल में ष्टरू साय भाजपा के विजय बूथ अभियान में शामिल हुए तब उन्होंने इसकी जानकारी दी।



**2 या 3 तारीख को जारी की जाएगी रकम**

सीएम ने कहा कि हमने महतारी वंदन योजना के तहत 1 अप्रैल को महिलाओं को राशि जारी करने का वादा किया था। मगर अब ये 1 अप्रैल को नहीं हो पाएगा। क्योंकि वित्तीय वर्ष खत्म हो रहा है, तो 1 अप्रैल को छुट्?टी का दिन होगा, मुझे इसकी जानकारी नहीं थी। अब 2 और 3 तारीख को पैसे जारी कर दिए जाएंगे जो महिलाओं के खाते में आ जाएंगे।मुख?यमंत्री साय ने इस दौरान कांग्रेस की नारी न?याय गारंटी योजना पर भी तंज कसा है। उन?होंने कहा, कांग्रेस ख?याली पुलाव पकाते रहे, भारत की जनता का विश?वास कांग्रेस पार्टी से उठ चुका है। पांच साल कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता को केवल ठगने का काम किया है। अब ये एक लाख या पांच लाख देने की बात करे तो जनता इन पर विश?वास करने वाली नहीं है।

**घरों में जाकर मुख्यमंत्री ने लगाया बीजेपी का झंडा-** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के कांदुल में भाजपा के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम विजय बूथ अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शासन में गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबका विकास हुआ है. उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा का कमल निशान घर-घर तक पहुंचाना है, हर घर में भाजपा का झंडा लहराना है। मुख्यमंत्री ने स्वयं कुछ घरों में भाजपा का झंडा लहराया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की लबरा सरकार ने जनता से 36 वादे किए लेकिन एक भी वादा ठीक से पूरा नहीं किया। पूरे पांच साल जनता को धोखे में रखा, लेकिन इस बार उसको सबका सिखाना है, उसका पूरा सफाया करना है। काठ की हांडी एक बार ही चढ़ती है और कांग्रेस द्वारा मिले धोखे को जनता अच्छे से समझ चुकी है।

**सीएम ने लोगों के घरों पर भाजपा का झंडा भी इस कार्यक्रम में लगाया।** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारंटी में जो भी वादा है उन सबको पूरा करेगी, जिसके लिए आप सबको भाजपा का सांसद बनाकर दिल्ली भेजना होगा। सीएम ने हर घर में भाजपा का झंडा लगाने और अपने अपने बूथ में भाजपा को जिताने का संकल्प कार्यकर्ताओं को दिलाया।

## लाल जी का बयान हास्यास्पद व निर्वाचन नियमों के विपरीत : रूपेश दुबे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने भाजपा नेता सुरेश एच. लाल के बयान को हास्यास्पद एवं निर्वाचन नियमों की विपरीत करार देते हुए कहा कि लाल जी ने यह भी प्रमाणित कर दिया है कि भाजपा में भूपेश बघेल के नाम व काम से किस कदर हताशा व्याप्त है। राजनांदगांव लोकसभा मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि किसी भी प्रत्याशी का निर्वाचन अभिकर्ता नामांकन संवीक्षा के पश्चात ही बनाए जाते हैं, इसके लिए बाकायदा निर्वाचन का संचालन नियम 1961 के कानूनी नियम एवं आदेश के प्रारूप 8 नियम 12 (1) के निर्धारित प्रपत्र में निर्वाचन अभिकर्ता की नियुक्ति जिला निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर से जारी होते हैं, वही विधिमान्य



होता है, यदि उन्हें निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्त किया गया है तो परिचय पत्र सार्वजनिक करें, क्योंकि वर्तमान समय में भाजपा प्रत्याशी के द्वारा ना तो नामांकन पत्र प्रस्तुत किया गया है और ना ही नामांकन की सवीक्षा हुई है, ऐसी स्थिति में स्वयंभू निर्वाचन अभिकर्ता बनकर बयानबाजी करना जहां निर्वाचन नियमों के विपरीत कृत्य है, वहीं आयोग को बौना साबित करने का दूषित मानसिकता का प्रमाण है। सुरेश एच. लाल जी के यह बयान से यह तो साफहो गया कि पूरी बीजेपी में भूपेश बघेल के नाम से ही घोर हताशा और अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया है जिसके चलते भाजपाई निर्वाचन कार्य प्रणाली की विश्वसनीय के साथ-साथ निर्वाचन नियमों की भी धज्जी उड़ाने में लगे हुए हैं।

## सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया रंग पंचमी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** सर्व ब्राह्मण समाज महादेव घाट तथा अमलेश्वर परिक्षेत्र का रंग पंचमी महोत्सव हर्ष व उल्लास के साथ संपन्न हुआ । सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा द्वारा भगवान परशुराम की तस्वीर की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अमलेश्वर स्थित इस्कान सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मोहित शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा ग्रुप का फाग एवं भजन माला ,ढोल, तबला व नगाड़ा के साथ खूब धूम मचाया। उक्त अवसर पर उपस्थित जनों से पर्ची निकलवाया गया। पर्ची में लिखे अनुसार गीत, गजल,



संस्मरण, कविता, जोक्स की प्रस्तुति ने खूब हास्य परिहास का वातावरण निर्मित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष ललित मिश्रा, परिक्षेत्र अध्यक्ष मोहित शर्मा, महिला मंच अध्यक्ष रत्ना शर्मा, गोपाल शर्मा, गणेश शर्मा, सुनील शर्मा, शिखा शर्मा, वीणा तिवारी, अंजनी तिवारी, नीतू शर्मा, कविता शर्मा, रश्मि दीवान, सोनिया शर्मा, शिवम शर्मा, रंजना तिवारी, रीता तिवारी, ममता पांडे, पुष्पा पांडे, ज्योति शर्मा, शशि पांडे, वैजयंती तिवारी सहित पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित थे ।

## युगांतर ने गरिमामयी वातावरण में प्रिन्सिपल अभिषेक खंडेलवाल को दी विदाई

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतवर्ष में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में विद्यालय के निवर्तमान प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, निवर्तमान प्रशासक सुरेंद्र भार्गव, संगीत शिक्षक विनय नायडू, विज्ञान शिक्षिका जयश्री भार्गव, कम्प्यूटर शिक्षिका गुणेश्वरी को गरिमामयी वातावरण में विदाई विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, डॉ मोहन पारख, राजकुमार अग्रवाल, जितेन्द्र भंसाली (सुपुत्र निदेशक सरस्वती भंसाली) और शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में दी गई। इस दौरान विनय नायडू ने सुमधुर विदाई गीत गाकर भाव-विभोर कर दिया।उद्बोधन की कड़ी में एकेडमिक निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल की संस्था की प्रति ईमानदारी की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अभिषेक चौबीस घण्टे सेवाओं के लिए तत्पर रहते थे। इस प्रकार सेवा समर्पित प्राचार्य को शत-प्रतिशत अंक दिया जा सकता है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने प्रशासक सुरेंद्र भार्गव के संबंध में कहा कि उनके प्रशासनिक कार्य सराहनीय रहे। संगीत



शिक्षक विनय नायडू के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी ग्यारह वर्ष की लंबी सेवाएँ अविस्मरणीय है। उन्होंने कम्प्यूटर शिक्षिका गुणेश्वरी की शांति पूर्ण किए कार्यों को काफी सराहा। इसी तरह उन्होंने विज्ञान शिक्षिका जयश्री भार्गव के कार्यों की सराहना की। चेयरमैन विनोद सदानी ने कहा कि विदाई के समय बोलना बड़ा कठिन है। फिर भी विदाई की औपचारिकता तो निभानी ही पड़ेगी। विद्यालय को जब आवश्यकता होगी, तब वह अभिषेक के शैक्षणिक अनुभव का लाभ लेता रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि युगांतर के दरवाजे उनके लिए हमेशा खुले रहेंगे। उन्होंने अभिषेक को गले लगाकर युगांतर को दी गई, श्रेष्ठ सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया। इसी कड़ी में प्राचार्य अभिषेक ने कहा कि प्रशासन परिवर्तनशील है, लेकिन हमें संस्था के लिए पूरी तरह समर्पित होकर कार्य करते रहना चाहिए। हम जैसा प्रकृति को देंगे वैसा ही प्रकृति दो गुणा करके लौटाएगा। उन्होंने खुशी प्रकट करते हुए कहा कि मुझे गर्व है कि मैंने युगांतर की महान टीम के साथ कार्य किया। उन्होंने गीता के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि सद्कर्म कभी निष्फल नहीं होता। प्रशासक सुरेंद्र भार्गव ने कहा कि वे व्यक्तिगत कारणों से राजस्थान जा रहे हैं।

## सत्ता बचाने भाजपा कर रही केन्द्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग, हम न डरेंगे, न झुकेंगे : कुलबीर

### जिला मुख्यालय में शहर व ग्रामीण कांग्रेस के नेतृत्व में मशाल जुलूस के निकालकर किया विरोध प्रदर्शन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** केन्द्र की भाजपा सरकार अपनी नाकामी छूपाने एवं विपक्ष की आवाज को लगातार दबाने का प्रयास कर रही है। 28 मार्च को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को आईटी विभाग से 1823.08 करोड़ रूपये का भुगतान करने के लिए ताजा नोटिस मिला। इससे पूर्व फरवरी माह में राष्ट्रीय आम चुनाव की पूर्व संध्या पर प्रमुख विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने का अवैध प्रयास एक महीने से अधिक समय तक चला। आईटी विभाग द्वारा काग्रेस पार्टी के बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रूपये निकाल लिए हैं। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा 30 मार्च को शाम 6 बजे जयस्तंभ चौक से मानव मंदिर चौक तक मशाल जुलूस निकालकर केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा सरकार की कुत्सित प्रयास करते हुए विपक्षी नेताओं के उपर ईडी, आईटी और सीबीआई जैसे जांच एजेसियों के माध्यम से डराया और धमकाया जा रहा है। आयकर विभाग के माध्यम से चुनाव में कांग्रेस का बैंक खाता जब्त करना अवैध और अलोकतांत्रिक तरीके से दबाव बना रही है। विगत माह फरवरी में कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने, इसके बाद 28 मार्च को फिर कांग्रेस कमेटी को आईटी विभाग से 1823.08 करोड़ रूपये का भुगतान करने के लिए नोटिस दिया गया है। जिसको लेकर कांग्रेस द्वारा शनिवार को शाम 6 बजे जयस्तंभ चौक से मानव मंदिर चौक तक विशाल मसाल जुलूस निकालकर केन्द्र सरकार पर जमकर भड़ास निकाले। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ईडी जिस मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने का नोटिस दिया गया है उन्हीं के आधार पर भाजपा से भी 4600 करोड़ रूपये की वसूली करनी चाहिए किन्तु नहीं करेगी। केन्द्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र विरोधी षड्यंत्र करके विपक्षी दलों के सीमित संसाधनों को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस पिछले 70



सालों से निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ लोकतंत्र की छवि बनाई लेकिन वर्तमान की भाजपा सरकार विपक्षी दलों के साधन को छीनकर एकाधिकार स्थापित करना चाहती है। 30 साल पुराने आधारहीन मामले को पार्टी के बैंक खातों को जब्त करना अलोकतांत्रिक है ये सीधे-सीधे देश के लोकतंत्र की हत्या के समान है। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अधिनायकवादी मोदी सरकार ने पहले कांग्रेस की चुनी हुई सरकारों को गिराया फिर डर और लालच से नेताओं को खरीद फरोख्त की। जब नेता नहीं झुके तो उनके उपर ईडी, आईटी और सीबीआई जैसे जांच एजेसियों के माध्यम से डराया और धमकाया जा रहा है। कांग्रेस के खिलाफअवैध आयकर लगाने के लिए कांग्रेस के आठ साल के आयकर रिटर्न को आधारहीन निर्मित आधार पर फिर से खोल दिया हैं। यह लोकतंत्र के सिद्धांतों पर जबरदस्त हमला है। मोदी सरकार सत्ता में मदहोश होकर तानाशाही कर धनबल और केन्द्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। लोकतंत्र पर इस गंभीर हमले और महत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों के बीच हमारी पार्टी पर कर आतंकवाद थोपा जा रहा है जो कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा। मसाल जुलूस में प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश राठौर, रमेश डाकलिया, दिनेश शर्मा, पंकज बांधव, पीसीसी महासचिव थानेश्वर पाटिला, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, महामंत्री झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा, हनी ग्रेवाल, नासिर जिंदरान, मोहिनी सिन्हा, योगेन्द्र प्रताप सिंह, शरद खंडेलवाल, अशोक फड़नवीस, नरेश डाकलिया, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफअली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, मनीष गौतम, युवा अध्यक्ष गुरभेज माखिजा, खैरूनिशा, प्रभात गुप्ता, बबलू कसार, प्रज्ञा गुप्ता, मयंक सोनी, प्रतिमा बंजारे, सविता सिन्हा, पूर्णिमा नागदेवे, रीना पटेल, सुरेन्द्र देवांगन, विष्णु सिन्हा, प्रशांत गजभिए, राहुल गनवीर, राहुल देवांगन, सुरेन्द्र गजभिए, भरत सोनी, शिवम चौधरी, सागर ताम्रकार, हर्ष खोब्रागढ़े, संदीप जायसवाल, कृष्णा मेश्राम, शैलेष ठावरे, शिवम गढ़पायले, भारतद्वाज, युवराज भारती, हितेश गोन्नाडे, महेन्द्र दाउ, ददू मेश्राम, सौम्य शर्मा, दुर्गेश धीवर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

nandgaon times march-31-02.qxd 3/30/2024 10:53 PM Page 2



# चिखली में पीलिया व डायरिया फैलने पर नगर निगम की टीम कल से सक्रिय-रोकथाम के उपाय

### गंदे पानी आने वाले क्षेत्रों में पाईप लाईन की जॉच, वार्ड में विशेष सफाई अभियान, दवा का छिड़काव, मेडिकल मोबाईल वेन से स्वास्थ्य परीक्षण, दवा का वितरण







**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** निगम सीमाक्षेत्र के चिखली वार्ड क्रं. 5 व 6 में पीलिया व डायरिया फैलने की जानकारी होते ही निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर कल शाम से ही नगर निगम की टीम गंदे पानी आने वाले क्षेत्रों में पानी की जॉच कर रही है तथा स्वास्थ्य अमला गैंग लगाकर विशेष सफाई अभियान चला रही है। साथ ही वार्डवासियों को एतियात बरतने समझाईस दी जा रही है।आयुक्त श्री गुप्ता ने तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा है कि चिखली के प्रभावित क्षेत्रों में घर घर जाकर गंदे पानी की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करे, साफ सफाई हेतु विशेष अभियान चलावे। कल शाम पेयजल सप्लाई के समय आयुक्त के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके जल विभाग के अमला के साथ पीलिया डायरिया प्रभावित क्षेत्र में पानी की जॉच किये और गंदे पानी आने पर पाईप लाईन की जॉच करने निर्देशित किये। आज सुबह से ही तकनीकि अधिकारी स्वास्थ्य एवं जल विभाग के अमला के साथ चिखली क्षेत्र में भ्रमण कर गंदे पानी आने वाले क्षेत्र में पाईप लाईन जॉच करने खोदाई किये। कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने बताया कि पुरानी पाईप लाईन से गंदा पानी आ रहा है, जिसकी जॉच की जा रही है, अमृत मिशन के तहत बिछे नये कनेक्शन से साफ पानी आ रहा है, जिसका उपयोग करने तथा पुरानी लाईन से पानी नहीं भरने लोगों को समझाईस दी जा रही है, प्रभावित क्षेत्र में टेंकर के माध्यम से भी पानी सप्लाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुरानी पाईप लाईन कही कही पर क्षतिग्रस्त हो गयी है, कुछ दिनों पहले जिओ कम्पनी द्वारा लाईन बिछाने गड्ढा किया गया था, जिसके कारण भी कुछ पाईप क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसकी जॉच की जा रही है और पाईप मरम्मत की जा रही है। चिखली के दोनो वार्डो में विशेष गैंग लगाकर नाली नालो की सफाई कर दवा का झिडकाव किया जा रहा है, लोगों सावधानी बरतने, पानी छानकर उवालकर पीने समझाईस दी जा रही है। इसके अलावा दो मोबाईल मेडिकल वेन के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं जल विभाग का अमला लगातार कार्य कर रहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा है कि प्रतिदिन नाली नालो की सफाई कर नियमित रूप से कचरा उठावे तथा दवाई का छिडकाव करे। नलो, हैण्ड पंपों के आस पास व गड्ढों में भरे पानी को कच्ची नाली खोद कर निकासी की व्यवस्था करें एवं कैपास व नुवान दवाई का छिडकाव करे, जिससे लार्वा उत्पन्न न हो, क्लोरिन टेबलेट का वितरण करे, प्रभावित क्षेत्रों में विशेष गैंग लगाकर कार्य करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये, पानी छानकर व उबालकर पीये, खाद्य पदार्थो को ढककर रखे, ताजे फल सब्जी का उपयोग करे। सर्दी बुखार या किसी प्रकार की बीमारी होने की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में सम्पर्क कर तुरंत ईलाज करावे, गंदे पानी आने पर निगम में सूचना देवे, सावधानी बरतकर ही हम स्वस्थ्य रह सकते है।

## निषाद समाज सांकरदाहरा का चुनाव आज



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज सांकरदाहरा खुज्जी परिक्षेत्र संगठन का चुनाव जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद के निर्देशन में आज रविवार 31 मार्च 2024 को प्रात: 11 बजे से क्षेत्रीय कार्यालय श्री राम मंदिर मोक्षधाम सांकरदाहरा में निर्वाचन अधिकारी विजय लाल निषाद मार्गदर्शक व मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद होगा । साथ में प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन लाल निषाद, संगठन सचिव मौजी राम निषाद, महासचिव टीकम निषाद की उपस्थित रहेंगे ।

निर्वाचन अधिकारी चैनकुमार निषाद व क्षेत्रीय अध्यक्ष गौतरिया निषाद, सचिव तारम निषाद ने बताया कि मोक्षधाम में परिक्षेत्र संगठन का चुनाव प्रक्रिया प्रात: 11 बजे से नामांकन फार्म जमा दोपहर 12 बजे तक नामांकन फार्म जांच व नाम वापसी होगा । 01 बजे से चुनाव चिन्ह आबंटन मतदान प्रारंभ व शाम 4 बजे तक परिणाम की घोषणा जायेगी ।

**क्षेत्रीय निर्वाचन के पद व नामांकन शुल्क**

क्षेत्रीय निर्वाचन हेतु अध्यक्ष - 01पद व नामांकन शुल्क - 500 रुपए, उपाध्यक्ष - 02 पद व नामांकन शुल्क -200 रुपए, महासचिव- 01 पद व नामांकन शुल्क -300 रुपए, कोषाध्यक्ष - 01 पद व नामांकन शुल्क 200 रुपए, संगठन सचिव - 01 पद व नामांकन शुल्क-200 रूपए, संरक्षक -2 पर व नामांकन शुल्क -200 रुपए, अंकेक्षक -1 पद व नामांकन शुल्क - 200 रुपए निर्धारित किया गया है । निषाद समाज निर्वाचन अधिकारी व क्षेत्रीय अध्यक्ष गौतरिया निषाद व सचिव तारम निषाद ने क्षेत्र के सभी स्वजातीय बन्धुओं को चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने उपस्थिति की अपील की है ।

## सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी नहीं देने के चक्कर में झूठी बनावटी भम्रित उत्तर दिया फर्म्स एवं संस्थाए विभाग ने

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत के संविधान में सरकारी कार्यो तथा खर्च की पारदर्शी बनाये रखने एवं सरकारों की जवाबदेही को सुनिश्चित करने के लिए यह कानून बनाया गया है। सरकार के विभिन्न विभागों जिनके कार्यो में भारी भष्ट्राचार की धारणा जनता के मन में कूट-कूट भरी जा चुकी है ऐसे ही एक विभाग- फर्म्स एवं संस्थाए छ.ग. रायपुर के कार्यालय में झूठ भ्रम और बनावटी कूट रचित कार्यो की मिशाल देखने मिली, जिस पर उच्चाधिकारियों के द्वारा उचित कार्यवाही की अपेक्षा है।

राजनांदगांव के आर.टी.आई आवेदक नरेन्द्र कुमार जैन ने जनसूचना अधिकारी सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं संस्थाए छत्तीसगढ़ रायपुर में सूचनाएँ के लिये आवेदन पत्र दिया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ के द्वारा दिनांक 10/08/2021 की तारीख को जमा करायी- संस्था के 2005 से 2021 तक के दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां उपलब्ध करायी जावें। किन्तु विभाग के चालाक होशियार किस्म के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा आवेदक को उत्तर नहीं देना चाहते थे, इसलिये उन्होंने मिध्या, भ्रम पूर्ण, बनावटी, झूठा उत्तर बनाया कि रजिस्ट्रार कार्यालय फर्म्स एवं संस्थाएं छ.ग. कार्यालय 2008 में, 0-5 अनुपम नगर में संचालित था तथा वर्ष 2012-13 में यह कार्यालय इन्द्रावती भवन नवा रायपुर में स्थानान्तरित हो जाने के कारण रिकार्ड यथा स्थान उपलब्ध नहीं हो पा रहा है जिसे खोजा जा रहा है। नस्ती मिलने पर चाही गयी जानकारी नि:शुल्क प्रेषित की जा सकेगी। फर्म्स एवं संस्थाए छ.ग. कार्यालय के अधिकारियों/ कर्मचारियों ने उत्तर देते समय यह नही सोचा था कि आवेदक चुपचाप बैठने के बदले अगला कदम कौन सा उठायेगा क्योकि उनकी सोच यह थी कि ज्यादा से ज्यादा आवेदक प्रथम अपील करेगा तब तक हम समय काट लेगें और प्रथम अपीलीय अधिकारी भी तो अपने ही विभाग के अधिकारी है। आवेदक नरेन्द्र कुमार जैन को समझ आ गया था कि 2021 में जमा कराये दस्तावेज को देने के बदले कहानी गढ़ी गयी है। अब चुप्पी साधे बैठना उचित नहीं होगा। आवेदक ने एक दूसरा आर.टी.आई. - उसी कार्यालय में यह लगाया कि- वर्ष 2012-13 ने कार्यालय स्थानान्तरण से रिकार्ड यथा स्थान उपलब्ध नहीं हो पाने से रिकार्ड गुम होने की स्थिति में आपके विभाग द्वारा पुलिस में एफआई.आर दर्ज करायी उसकी सत्यापित प्रति तथा दस्तावेजों के गुमने का राजपत्र में जो प्रकाशन कराया गया उसकी सत्यापित प्रति स:शुल्क उपलब्ध कराया जावें। अपने बनावटी, कूट रचित उत्तर में स्वयं को फंसता देख विभाग के त्वरित एक्सप्रेस चाल से फाइल के 330 का नि:शुल्क प्रदाय कर अपना पहला झाडने में ही अपनी भलाई समझा। किन्तु यह कार्यवाही हजारों सवाल खड़े कर गयी क्या विभाग के मंत्री, सचिव, रजिस्ट्रार तथा अन्य उच्चाधिकारी क्या मिथ्या, झूठा बनवाटी कूट-रचित जवाब बनाने वाले विभाग की नाक कटवाने वाले कर्मचारी के खिलाफ कोई संज्ञान लेंगे या उसके गलत कार्यो को संरक्षण देने भ्रष्ट व्यवस्था में शामिल हो जावेंगे। साथ ही आवेदक को सड़ी गली कैंसर ग्रस्त समस्या का आपरेशन करने के छोड़ वे चुप्पी साधे बैठ जायेंगें। बॉक्स में - शतरंज संघ के द्वारा दस्तावेज जो कि वित्तीय वर्ष 2005 से लेकर 2021 तक के एक साथ वर्ष 2021 में जमा कराये थे कि सूचना के अधिकार के तहत जानकारी चाही थी। 2021 में जमा कराये दस्तावेजों का वर्ष 2012-13 के कार्यालय स्थानान्तरण से कोई संबध नहीं है।

## 31 मार्च एवं 1 अप्रैल अवकाश के दिन में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राजपत्र में सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निगोशिएबल ईन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 की धारा 25 के तहत सार्वजनिक अवकाशों की सूची का प्रकाशन किया गया है। 31 मार्च 2024 दिन रविवार को सार्वजनिक अवकाश तथा 1 अप्रैल 2024 दिन सोमवार को बैंकों की वार्षिक लेखाबंदी हेतु सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु नाम निर्देशन पत्र 31 मार्च 2024 दिन रविवार तथा 1 अप्रैल 2024 दिन सोमवार को प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

**शुभांक**

**4-5-6**

**478-9 560-1**

## रिया वेलफेयर सोसायटी द्वारा बच्चों के व्यक्तित्व विकास एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य स्तरीय संस्था रिया वेलफेयर सोसायटी खैरागढ़ के तत्वाधान में आज राजनांदगांव जिले के लाल बहादुर नगर, पाथरी के सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों के व्यक्तित्व विकास एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई । जिसमें संस्था के द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें सभी विद्यार्थी गणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । कार्यशाला के शुरुआत में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा सुंदर कविता पाठ किया गया । संस्था के द्वारा कक्षा नर्सरी से पहली कक्षा के बच्चों को सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछ कर उनके बौद्धिक ज्ञान का परिचय लिया गया जिसका बच्चों ने बहुत ही सटीक शब्दों में जवाब दिया, सही जवाब देने वाले बच्चों को संस्था के द्वारा पहाड़ा पुस्तक देकर सम्मानित किया गया । संस्था के सदस्य अभय यदु ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए पर्यावरण एवं जल संरक्षण को लेकर बच्चों में जागरूकता का संदेश देते हुए सभी से पौधरोपण करने की अपील की गई । अध्यक्ष राहुल यादव ने संस्था के उद्देश्य एवं आगामी कार्य योजना से बच्चों अवगत कराते हुए भविष्य में इसी तरह और भी अनेक कार्यक्रम उनके बीच उनके सर्वांगीण विकास को लेकर करने की बात कही गई । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य ढालचंद यादव जी ने संस्था का आभार प्रकट करते हुए संस्था के द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर की जा रही इस पहल को सराहा गया एवं संस्था को आने वाले समय में इसी तरह विद्यालय प्रबंधन के सहयोग रहने की बात कही गई । इस दौरान रिया वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक राहुल यादव, सचिव वैभव यादव, कोषाध्यक्ष दीपेश यादव, सदस्य अभय यदु, तोरण पटेल एवं विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण सहित सभी विद्यार्थी मौजूद रहे । उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन का अहम योगदान रहा ।

## रंग छत्तीसगढ़ के संचालक खुमेश साहू हुए सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ मंच संचालक समिति के द्वारा प्रतिभावान व्यक्ति समारोह में रंग छत्तीसगढ़ के संचालक खुमेश साहू को लोक परम्परा को समेट कर चलने और छत्तीसगढ़ संस्कृति में एक नया पहचान देने और अपनी धरोहर को छत्तीसगढ़ में फैलाने के लिए बेस्ट लोक नृत्य संस्था के रूप में इस्पेक्टर तरुणा साहू, मिरअली मिर एवं छत्तीसगढ़ मंच संचालक समिति के द्वारा मोमेंट भेट कर पुरस्कार से सम्मानित किया गया, इस्पेक्टर तरुणा साहू जी एवं मीरअलीमीर जी ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया और उज्ववल भविष्य की कामना किए इस बीच गणेश यदु मंच संचालक समिति के अध्यक्ष ,तीरथ यादव, रिमन साहू,छोटू सिंघोलिया, नरेश सोनवानआदि मंच संचालक समिति के सभी सदस्य गण उपस्थित रहे।



# कन्हारपुरी में एक अप्रैल को मंदराजी जयंती? समारोह में रंगारंग कार्यक्रमों की बिखरेगी छंटा

### लोक गायिका जयंती यादव, पूनम विराट,के साथ महादेव हिरवानी, सुनील बंसोड़, मनोहर यादव, विष्णु कश्यप की गूंजेंगी सुरमयी आवाज , तारा- गौतम की पार्टी के साथ ,भोला- महेंद्र की मिमिक्री व नाचा रंग शैली का बिखरेगा जलवा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हर साल की तरह इस वर्ष भी लोक कलाकारों द्वारा दाऊ मंदराजी जयंती अवसर पर एक अप्रैल को कन्हारपुरी में मंदराजी जयंती समारोह धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कन्हारपुरी वार्ड नं0 34 के अटल मंच गौठान समीप सोमवार एक अप्रैल की सुबह दाऊ मंदराजी प्रतिमा की पूजा- अर्चना सहित आयोजित उक्त रंगारंग कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की कोकिल कंठी जयंती यादव, पूनम विराट सहित महादेव हिरवानी, मनोहर यादव नूर विष्णु कश्यप, सुनील बंसोड़ आदि ?के लोक स्वर गूंजेंगे, वहीं तारा भारती की पार्टी सहित, मिमिक्री आर्टिस्ट भोला-महेंद्र व डोंगरगढ़ भंडारपुर की नाचा पार्टी का रंगारंग जलवा भी बिखरेगा। दाऊ मंदराजी धरोहर मंच - कन्हारपुरी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के संयोजक लोक कलाकार व कवि/ साहित्यकार - आत्माराम ?कोशा *अमात्य ने बताया कि एक अप्रैल की सुबह 11,30 बजे से प्रारंभ होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती हेमा देशमुख जी है,अध्यक्षता समाजसेवी श्रीमती शारदा तिवारी जी करेंगी। इस अवसर पर निकुम की रामायण मंडली शिव शक्ति मानस परिवार का सुरमयी रामायण गायन कार्यक्रम आयोजित है। तीन सत्रों में सुबह से देर रात तक चलने वाले इस रंगारंग कार्यक्रम में दोपहर 3,30? बजेअंचल के कवि / साहित्यकारों का मुर्खाभिनंदन होली मिलन कार्यक्रम आयोजित है,जिसके मुख्य अतिथि सुरेंद्र दाऊ वैष्णव ( पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष -?राज0) होंगे, अध्यक्षता -



वरिष्ठ साहित्यकार डॉ संतराम देशमुख विमल जी करेंगे। दाऊ मंदराजी धरोहर मंच के दाऊ चतुर सिंह बजरंग व लोक गायक महादेव हिरवानी ने बताया कि दूसरे सत्र में सायं? 6 बजे से प्रारंभ होने वाले दाऊ मंदराजी जयंती के? लोकरंगीय आयोजन के आगत अतिथि- सांसद संतोष पांडे जी एवं पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष- मधुसूदन यादव जी ,पूर्व सांसद- अभिषेक सिंह जी, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता - नीलू शर्मा जी तथा प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष - कोमल सिंह राजपूत जी है। इस दौरान नाचा के प्राचीन वाद्य चिकारा वादन सहित लोक गीत - संगीत की बहुरंगी छटा बिखरेगी। तृतीय सत्र के आगत अतिथि छ0ग0 शासन के पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष - जीतेंद्र मुदलियार जी,शहर कांग्रेस अध्यक्ष- कुलबीर सिंह छाबड़ा व वार्ड पार्षद-महेश साहू जी है।इस दौरान रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमो सहित छत्तीसगढ़ी रंग शैली नाचा का जलवा बिखरेगा। आयोजन मंच के लोक कलाकार छन्नू- नत्थन साहू , फागवा राम यादव, भूषण नेताम, चैता डेहरिया, प्रेम लाल साव, राजू नाग, दिनेश साव धन्नु श्रीवास युवराज भारती, सोहन साहू, सीताराम श्रीवास आनंद राम सार्वा, पवन यादव पहुना आदि ने दाऊ मंदराजी जी के जयंती समारोह अवसर पर कन्हारपुरी में आयोजित उक्त भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आनन्द लेने अधिकाधिक संख्या में लोग को उपस्थिति की अपील की है। उक्ताशय ?की जानकारी लोक गायक महादेव हिरवानी ने दी।

## ज्ञान मंथन

*1) कौन सा आयोग ब्रिटिश भारत में अकाल से संबंधित सुझाव के लिए गठित किए गए थे?*
*2) जब पृथ्वी के पटल में शैल विभंग होता है और पुन: कही शैल पिंड भिन्न दिशाओं में गतिशील होते हैं, तो उसे क्या कहा जाता है?*
*3) गोल गधेड़ो और भगोरिया प्रथा किस जनजाति में प्रचलित है?*
*4) लोकसभा के वर्ष में कम-से-कम कितने सत्र बुलाए जाने का प्रावधान हैं?*
*5) किस महिला फ़ुटबॉलर ने वर्ष 2023 का बेलन डीच् ओर पुरस्कार जीता है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) स्ट्रेची आयोग, लॉयल कमीशन और मैकडोनाल्ड कमीशन (2) भ्रंश (3) भील (4) वर्ष में दो बार (5) ऐताना बोनमाटी

# कार रैली के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाकर मतदाताओं को कर रहे जागरूक

## अपने मताधिकार का प्रयोग करना हम सब की जिम्मेदारी और कर्तव्य : जनमेजय महोबे









**कवर्धा।** स्वामी करपात्री जी हायर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे निर्वाचन प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने प्रशिक्षणार्थियों को शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने शपथ दिलाई। शपथ दिलाते हुए सभी को कहा गया कि वह अपने क्षेत्र में लोगों को प्रेरित करें कि वह अपना मताधिकार का प्रयोग करें और मतदान तिथि को आवश्यक रूप से अपने बूत में जाकर लोकतंत्र में मिली जिम्मेदारियां का निर्वहन करें। उल्लेखनीय है कि जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत आज प्रशिक्षण सत्रों का अवलोकन करने आए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे ने प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन कार्य के अंतर्गत सौंपे गए दायित्वों का तत्परता पूर्वक पालन करने का संदेश दिया साथ ही सबको शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने शपथ दिलाई।

**कार रैली के द्वारा मतदान करने किया जागरूक**- इस अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने कहा की 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के लिए जिले में वोट डाले जाएंगे। हम सभी की जिम्मेदारी है कि अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में हम अपनी भागीदारी निभाए । मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में कवर्धा शहरी क्षेत्र में शिक्षा विभाग के द्वारा कार रैली का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।अपने कारों में मतदाता जागरूकता का बैनर पोस्टर लगाकर नारा देते हुए लोगों को बताया किया गया कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करें। साथ ही कहा गया कि जनता का हर एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाता है और यह हमारी जिम्मेदारी एवं कर्तव्य है कि हम इसमें भाग ले।

**ग्राम सांवतपुर की महिलाओं ने कहा हम सब करेंगे मतदान और लोगो को भी करेंगे जागरूक**- नेहरू युवा केंद्र कवर्धा के वॉलिंटियर्स ने ग्राम पंचायत सावतपुर विकासखंड पंडरिया में महिलाओं को मतदान करने की प्रक्रिया बताई तथा कहां की यह हम सब नागरिकों की जिम्मेदारी है के अपने मत अधिकार का प्रयोग करें। जागरूकता अभियान के दौरान आह्वान किया गया कि सभी महिलाएं अपने गांव में लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को शत प्रतिशत मतदान करने का शपथ दिलाया गया।

## छ.ग. प्रदेश स्तरीय सनातन धर्म महासभा की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक को तैल चित्र देकर किया सम्मान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। छ.ग. राष्ट्रीय सनातन धर्म महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक भिलाई रामजानकी मंदिर भिलाई में सम्पन्न हुई सर्व प्रथम भगवान राम जी की पूजा अर्चना के बाद बैठक का शुभारंभ



किया गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण मिश्रा जी ने छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक जी को तैल चित्र देकर सम्मान किया। सर्वप्रथम उद्बोधन में अरूण मिश्रा जी, संतोष पटाक जी ने पूरे छ.ग. में सनातन धर्म को सभी गाँव- गाँव शहर - शहर सनातन धर्म को आगे बढ़ाने को कहा और सनातन धर्म को मिटाने वालो को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, सनातन धर्म वह धर्म है जिसका प्रारंभ तो है मगर अंत नहीं व छ.ग. प्रदेश में हिन्दू नववर्ष के दिन पूरे छ.ग. में हिन्दू नववर्ष धूम-धाम से मनाने के लिए कहा गया व दिनांक 09 अप्रैल हिन्दू नववर्ष चैत्र नवरात्रि के दिन बाला जी मंदिर गंज लाईन दोपहर 2 बजे शोभा यात्रा का निमंत्रण देते हुए जानकारी दी। इस शुभ अवसर पर रायपुर, दुर्ग, भिलाई, भाटापारा, बिलासपुर, धमतरी, और कई जिले के सनातन धर्म के अत्यधिक संख्या में पहुँचकर एक दूसरे को माथे में तिलक लगाकर स्वागत सत्कार किया गया व आभार प्रदर्शन प्रदेश महामंत्री प्रियंक सोनी ने की है।उपरोक्त जानकारी छ.ग. मुख्य प्रभारी मौसमी शर्मा ने दी।

## युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर।** आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द में पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने एक युवक व उसके दोस्तों के साथ गाली-गलौज कर चाकू से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जीनत बेगम 45 वर्ष आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी फरहान, असलान, गुलशाम और अन्य ने प्रार्थी के लड़का सैयद उस्मान और उसके साथी अहसान, आरिफ, रितिक को पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज कर चाकू से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 307, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# जीवन के लिए रक्तदान अनमोल है, जरूरतमंद को समय पर मिले रक्त- सीएमएचओ डॉ बीएल राज



कवर्धा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी.एल.राज के मार्गदर्शन में डॉ. सतीश शर्मा, आरएमए डॉ. शिवगोपाल परिहार के द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कवर्धा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 20 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय में जिले से अनेक मरीज पहूंचते है, जिसमें प्रमुख रूप से एक्सीडेंटल मरीज, गर्भवती माताएं, सिकलसेल के मरीज और थैलेसिमिया के रोगियों को रक्त की त्वरित आवश्यकता होती है। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में प्रचुर मात्रा में सभी समूह के रक्त की आवश्यकता होती है जब भी आवश्यकता पडें तत्काल उपलब्ध हो जाए। रक्तदाताओं को सीएमएचओ डॉ राज के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने संकुल समन्वयकों को दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने आज कालीबाड़ी स्थित जेआर दानी स्कूल में संकुल समन्वयकों की बैठक ली। कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाते हुए कहा कि कर्मचारी कल्याण हित में प्रशासन सजग है। मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। मतदान दल को किसी भी तरह की परेशानी नही होनी चाहिए। मतदान केंद्र की साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, पंखा, शौचालय इत्यादि की सुविधाएं होनी चाहिए। साथ ही संकुल समन्यवक मतदाता जागरूकता की गतिविधियों पर ध्यान दें। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि कहा कि मतदाता संकुलो में मतदाता जागरूकता की गतिविधियां संचालित की जाएं। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दल के लिए सेजबहार इंजीनियरिंग कॉलेज स्ट्रांग रूम तक पहुंचने के लिए अधिक से अधिक बस सुविधा रहेगी। कलेक्टर ने कहा कि इस बार सेजबहार स्थित स्ट्रांग रूम में पर्याप्त पेयजल और भोजन की व्यवस्था की गई है। स्थायी शौचालय का निर्माण भी किया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर श्रीमती निधि साहू ने कहा कि रायपुर क्षेत्र में अधिकतर केंद्रों में महिलाओं की ड्यूटी होती है। ऐसे में पृथक-पृथक टायलेट की व्यवस्था की जाएं।

# मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज एवं केंद्र सरकार, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों व डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड एवं सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

## धर्म समाचार....

# गौ माता को ऐसे करें प्रसन्न, चमक उठेगा आपका सोया हुआ भाग्य



हिंदू धर्म में हाथी से लेकर गाय और अन्य कई पशु-पक्षियों को पूजनीय माना गया है। वहीं हिंदू धर्म में पहली रोटी गाय के लिए निकलने का विधान है। माना जाता है कि जो व्यक्ति प्रतिदिन गाय को रोटी या फिर चारा खिलाता है उसे जीवन में दरिद्रता का सामना नहीं करना पड़ता। ऐसे में आइए जानते हैं गौ माता की कृपा प्राप्ति के उपाय।

हिंदू धर्म में ऐसे कई पशु-पक्षी माने गए हैं, जिन्हें शुभता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। वहीं, सनातन धर्म में गाय का विशेष महत्व माना जाता है और इस गौ माता कहकर संबोधित किया जाता है। साथ ही गाय में सभी देवी-देवताओं का भी वास माना जाता है। ऐसे में हम आज आपको बताने जा रहे हैं, कि आप किस प्रकार गाय माता की कृपा प्राप्त कर सकते हैं, जिससे आपको जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहेगी।

**मिलेगा कई दोष से छुटकारा**

माना जाता है कि यदि आप रोजाना गाय को गुड़ के साथ रोटी खिलाते हैं, तो इससे आपको कुंडली में मौजूद कई प्रकार के दोष से छुटकारा मिल सकता है। जिससे आपके बिगड़े हुए काम बनने लगते हैं। वहीं यह भी माना जाता है कि गाय के गले और पीठ को सहलाने वह प्रसन्न होती है, जिससे व्यक्ति को भी इसका लाभ मिलता है।

**करें ये काम**- स्वयं भोजन करने से पहले गाय को रोटी खिलाएं और गौ माता के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लें। ऐसा करने से व्यक्ति को आर्थिक समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। इसके साथ ही गाय के रोजा हरा चारा खिलाने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। वहीं, बुध ग्रह की अशुभता से बचने के लिए भी गाय को हरा चारा खिलाना अच्छा माना जाता है।

**मंदिर में रखें ये तस्वीर**- देवी-देवताओं की विशेष कृपा प्राप्त करने के लिए मंदिर में गाय की भी तस्वीर रख सकते हैं। साथ ही रोजाना गौ माता की पूजा करें। ऐसा करने से आपके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहता है। इसके साथ ही गौ माता की सेवा करना भी बहुत ही पुण्यकारी माना गया है।

## शनि प्रदोष व्रत पर बन रहा है दुर्लभ शुक्ल योग, प्राप्त होगा कई गुना फल




ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि अप्रैल 06 को सुबह 10 बजकर 19 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन यानी 07 अप्रैल को सुबह 06 बजकर 53 मिनट पर समाप्त होगी। त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष काल में भगवान शिव की पूजा की जाती है। इस दिन पूजा का समय संध्याकाल 06 बजकर 42 मिनट से लेकर रात 08 बजकर 58 मिनट तक है। हर माह कृष्ण और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष व्रत रखा जाता है। इस प्रकार चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी 06 अप्रैल को है। शनिवार के दिन पड़ने के चलते यह शनि प्रदोष व्रत कहलाएगा। इसे शनि त्रयोदशी भी कहा जाता है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि सूर्य देव के कहने पर शनि देव ने भगवान शिव की कठिन तपस्या की थी। शनि देव की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर शिव जी ने उन्हें नवग्रहों में श्रेष्ठ स्थान प्रदान किया। धार्मिक मत है कि शनि त्रयोदशी का व्रत करने से व्यक्ति के जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख और संकट यथाशीघ्र दूर हो जाते हैं। अत: शनि त्रयोदशी तिथि पर भगवान शिव संग शनि देव की पूजा की जाती है। ज्योतिषियों की मानें तो शनि प्रदोष पर एक साथ कई शुभ संयोग बन रहे हैं। इन योग में भगवान शिव की पूजा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। आइए, इन योग के बारे में जानते हैं-

**शुभ मुहूर्त**- ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि अप्रैल 06 को सुबह 10 बजकर 19 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन यानी 07 अप्रैल को सुबह 06 बजकर 53 मिनट पर समाप्त होगी। त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष काल में भगवान शिव की पूजा की जाती है। अत: 06 अप्रैल को ही शनि प्रदोष व्रत मनाया जाएगा। इस दिन प्रदोष काल यानी पूजा का समय संध्याकाल 06 बजकर 42 मिनट से लेकर रात 08 बजकर 58 मिनट तक है। इस दौरान साधक अपने आराध्य की पूजा-उपासना कर सकते हैं। **योग**- ज्योतिषियों की मानें तो शनि त्रयोदशी पर सबसे पहले शुभ योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण सुबह 06 बजकर 15 मिनट तक है। इसके बाद शुक्ल योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण 07 अप्रैल को देर रात 02 बजकर 20 मिनट तक है।

क्रिकेट, हॉकी, जिम सहित सभी सामग्री उपलब्ध...
खेल सामग्री का विशाल संग्रह...
ट्रेक सूट एवं स्पोर्ट्स टी शर्ट की विभिन्न वैरायटियां उपलब्ध...
स्वाती स्पोर्ट्स
स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने, राजनांदगांव
बैट, बॉल, स्टम्प, हैड ग्लोब्स, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, फुटबॉल, वॉलीबॉल, थ्रो-बॉल, नेकर, क्रिकेट पैड, जूता सहित अन्य सामग्री उपलब्ध...
चिल्हर एवं थोक विक्रेता...
मो. 88393-71971, 80856-07480

# लोकसभा निर्वाचन-2024 : ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग के लिए दिया गया प्रशिक्षण

## प्रशिक्षण में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों के तकनीकी पहलुओं को समझाया गया




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रथम चरण में ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 26 अप्रैल को मतदान कार्य किया जाएगा। इसके लिए उपयोग में आने वाली ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों का कमीशनिंग के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इनमें बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीन का कमीशनिंग किया गया। उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग कार्य में नियुक्त अधिकारियों को पूरी ईमानदारी से कार्य करने कहा। उन्होंने सभी से अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अगले प्रशिक्षण के लिए फीडबैक लिये।

मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया। मास्टर टेनर्स ने कहा कि ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमिशनिंग कार्य बहुत जिम्मेदारी वाला कार्य है। उन्होंने कमीशनिंग कार्य में लगे अधिकारियों को उन्होंने आवश्यक सुझाव व मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य के अबाधित एवं सुचारू रूप से संपादन के लिए कमीशनिंग कार्य का पूर्ण गुणवत्तापूर्वक किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को कमीशनिंग के दौरान उचित ढंग से सिलिंग करने कहा। कमीशनिग का कार्य महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। इसे गंभीरतापूर्वक करने की आवश्यकता है। टीम भावना के साथ समय का अनुपालन करते हुए कार्य सुनिश्चत करेंगे। प्रत्येक मशीन के लिए चेक लिस्ट उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग में बताया गया कि मॉकपोल के पूर्व ईवीएम और वीवीपैट का संयोजन और मॉकपोल का संचालन, मॉकपोल के पूर्व बीयू, सीयू और वीवीपैट का संयोजन, मतदान प्रारंभ करने के पूर्व ईवीएम तथा वीवीपैट को क्लियर करने के संबंध में जानकारी दी गई। मॉकपोल के पूर्ण होने के उपरांत मतदान प्रारंभ करने के पूर्व कन्ट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट को सावधानीपूर्वक सीलबंद करने के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों की तकनीकी जानकारी और मतदान प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, मास्टर टेनर्स श्री कैलाश शर्मा सहित जिला स्तरीय मास्टर टेनर्स एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर टेनर्स, सेक्टर अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# लोहाणा महिला मंडल द्वारा महिला दिवस का सफल आयोजन संपन्न...



**राजनांदांव (नांदगांव टाइम्स)।** विगत आठ मार्च को पूरे विश्व में महिला दिवस मनाया जाता है और देश भर में इसका आयोजन पूरे मार्च महीने तक चलता रहता है, इसी कड़ी में श्री राजनांदगांव लोहाणा महिला मंडल द्वारा 29 मार्च को गुजराती सोसायटी स्थित श्री जलाराम मंगल भवन में महिला दिवस का रंगारंग समारोह किया गया,जिसमें इस लोहाणा महिला मंडल को बने आज 35 वर्ष हो गए हैं, इसका गठन जिन्होंने किया था उनके 6 महिलाओं में इंदु बेन ठक्कर, प्रवीणा बेन लाल, दम्मु बेन विठलानी,जया बेन चतवानी, नीता बेन चतवानी इन सबका सम्मान किया गया, साथ ही आज तक के जितने भी महिला मंडल के अध्यक्ष व सचिव निर्वाचित हुए उनका भी सम्मान किया गया, इसी क्रम में स्वागत गीत की प्रस्तुति तथा एक शानदार नुक्कड़ नाटक का मंचन गीता बेन काथरानी के निर्देशन में किया गया, साथ ही म्यूजिकल हाऊजी दीपा ठक्कर मधु बेन,हेतल एवं उनकी टीम द्वारा खेलाया गया, जिसमें पूरे समाज का व मंडल के सभी सदस्यों का पूरा सहयोग रहा,ये पूरा कार्यक्रम बहुत ही खुशनुमा माहौल में संपन्न हुआ.. इस अवसर पर सामाजिक संस्था आरंभ एक प्रयास तथा सिद्धि फाउंडेशन को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, इस आयोजन में प्रमुख रूप से महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती नीता बेन रायचा,सचिव दिव्या बेन नगदिया, रश्मि बेन रायचा, शीला बेन जोबनपुत्रा,अलका बेन रायचा,रूपल बेन बुद्धदेव, मधु बेन काथरानी,संगीता साहिता, हीना रायचा, प्रिया भोजानी, लेखा चतवानी, कविता बुद्धदेव, चेतना भोजानी के अलावा सभी सदस्यों की पूरी उपस्थिति रही, कार्यक्रम का संचालन सिद्धि बेन मिरानी ने किया... यह जानकारी पी आर ओ मनीष साहिता, योगेश कोटक द्वारा दी गई।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नई आशा व उमंग से आगे बढ़ रहा - मधुसूदन

## लोकसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यों के साथ जनता के बीच जायेंगे



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हम सकारात्मक मतों के लिए जनता के बीच जाएंगे। पिछले 10 वर्षों से माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत नई आशा और उमंग से आगे बढ़ रहा है। 2014 में जब माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपानीत एनडीए सरकार ने जब सत्ता संभाली उस समय देश भ्रष्टाचार , नीतिपंगुता, लचर व्यवस्था, मंहगाई, बेरोजगारी की परिचायक कांग्रेसनीत यूपीए गठबंधन की सरकार से त्रस्त और हताश हो चुका था। भारत की प्रगति थम गई थी ।2004 में भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था में शामिल था और 10 साल के बाद जब जनता ने कांग्रेसनीत यूपीए गठबंधन को उखाड़ फेंका तब भारत में अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री होने के बावजूद भी 11वें नम्बर पर ही था। उक्ताशय के उदगार राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के संयोजक , पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने व्यक्त किए । भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री यादव ने कहा कि आज 2024 में भाजपानीत एनडीए गठबंधन की सरकार में भारत विश्व की पांच बड़ी अर्थव्यवस्था में शुमार हो चुका है। आज भारत विश्व स्तरीय आधारभूत संरचना के विकास, आधुनिक रेल्वे स्टेशन, वंदे भारत ट्रेन , स्टार्टअप, मेक इन इंडिया, सदृढ़ सेना, समृद्ध किसान और नए भारत में युवाओं के साकार होते सपनों का देश बन चुका है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में आए दिन देश आंतकी, नक्सली घटनाओं से परेशान हो चुका था। पाकिस्तान हमारे जवानों के सर काट कर ले जा रहा था। हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे दुर्दांत आतंकी आए दिन भारतीय सीमा के पास बैठकें ले रहे थे। इन विषम परिस्थितियों में भी कांग्रेसनीत यूपीए गठबंधन की सरकार ठोस कार्यवाही के बजाय केवल निंदा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर रही थी जबकि जनता पीड़ित और आक्रोशित थी। श्री यादव ने कहा कि इसी तरह छत्तीसगढ़ की जनता ने पिछले पांच वर्ष कांग्रेसी कुशासन के दंश को भोगा था, जब प्रदेश में विकास ठप्प और भ्रष्टाचार का बोलबाला था ।कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की सत्ता से उखाड़ फेंकने के पश्चात जनता स्वयं सकारात्मक परिवर्तन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के विगत 3 माह में महसूस कर रही है ।विकास की गति तेज होने के साथ ही महतारी वंदन योजना , किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत धान बोनस की राशि लगभग 917 करोड़ रूपए प्रति क्विंटल खरीदी में एकमुश्त उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि आज देश में नक्सलवाद और आंतकवाद की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आ चुकी है। सीमा पार के दुर्दांत आंतकी बिलों में छिपने को मजबूर हुए है। आंतकी घटनाओं पर माकूल जवाब भाजपानीत एनडीए गठबंधन की सरकार द्वारा दिया जा रहा है। भारत अधिक सशक्त और सुरक्षित देश के रूप में जाना जा रहा है। उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता केन्द्र सरकार के कामों को लेकर जा रहा हैं। मुद्दाविहीन विपक्ष जहां अर्नगल प्रलाप और गुमराहवादी राजनीति में व्यस्त है, वहीं भाजपा सकारात्मक राजनीति को लेकर जनआशीर्वाद मांग रही है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने का आव्हान किया ।

# 10 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया







**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए आज 30 मार्च 2024 को कुल 10 अभ्यर्थियों ने जिला कार्यालय पहुंचकर नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। जिनमें निर्दलीय अभ्यर्थी श्री रमेश यादव, बहुजन मुक्ति पार्टी के अभ्यर्थी श्री बसन्त कुमार मेश्राम, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री रेखचंद मंडले, निर्दलीय अभ्यर्थी त्रिवेणी पडौती, हमर राज पार्टी की अभ्यर्थी ललिता कंवर, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री विशेष धमगाये, शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी श्री नारद प्रसाद निषाद, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री सच्चिदानंद कौशिक, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री गजेन्द्र साहू एवं बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी श्री देवलाल सोनवंशी शामिल है। आज नाम निर्देशन पत्र जमा करने वालों की संख्या निरंक हैं।

## होली मिलन समारोह आयोजित



**कुमरदा (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम कुमरदा में परिक्षेत्रीय साहू समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें खुज्जी विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक श्री साहू के पहुंचते ही साहू समाज के द्वारा विधायक भोलाराम साहू को तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया और एक दूसरे को गुलाल तिलक लगाकर होली पर्व की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया, विधायक भोलाराम साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज निरंतर आगे बढ़ते रहे और सबके जीवन में सुख,समृद्धि एवं खुशहाली लाए यही भगवान से प्रार्थना करता हूं। होली मिलन समारोह में परिक्षेत्रीय साहू समाज की पदाधिकारीगण एवं स्वजाति बंधु जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**जमीन व फार्म हाउस बेचना है**

खैरागढ़ से मात्र 6 कि.मी. दूर पक्की सड़क ग्राम कलकसा (दबका) में 8 एकड़ 60 डिसमिल (सामान्य) बेचना है। ग्राम गोपालपुर, ठेलकाडीह डामर रोड से लगा 4 एकड़ 10 डिसमिल (सामान्य) फार्महाउस जिसमें बोर, बाउंड्रीवाल कम्पलीट, मकान बना हुआ शीघ्र बेचना है।

**संपर्क करें -**
**मो. 9424119832, 7000026607**

**फर्नीचर बेचना है**

सोने चांदी के दुकान के लिए शो -केस, आलमीरा एवं सोफासेट, आदि समान बहुत ही कम रेट में शीघ्र बेचना है।

**संपर्क करें -**
**लक्ष्मी ज्वेलर्स**
**भारतमाता चौक, राजनांदगांव**
**मो- 8319717200**

# सन टू ह्यूमन फाउंडेशन राजनांदगांव के द्वारा पुष्प वाटिका चौपाटी, रानी सागर में मनाया गया रंग पंचमी महोत्सव



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** योग के एक नए और आधुनिक स्वरूप के खोजकर्ता द इसोटेरिक टेंपल सेजवानी इंदौर के अनुसंधान कर्ता परमआलय जी के मार्ग निर्देशन में योग और ध्यान साधना के महत्व का प्रचार प्रसार करने के लिए सन टू ह्यूमन फाउंडेशन राजनांदगांव के साधकों द्वारा विगत 3 वर्षों से अनवरत प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से नाभि झटका प्रयोग साधना (एक्टिव योगा) की जा रही है । इस साधना से योग में भाग लेने वाले सभी सदस्यों को स्वास्थ्यगत लाभ प्राप्त हुआ है । तथा सभी साधक मित्रों की दवाइयां छूट गई है। अधिकांश सदस्यों को अधिक शारीरिक वजन से छुटकारा मिल गया है तथा बहुत सी अन्य ज्ञात अज्ञात बीमारियां ठीक हो रही है। योग सत्र निशुल्क है तथा प्रतिदिन वरिष्ठ साधक मित्रों डॉ नरेंद्र नाहटा रेकचंद जैन सुभाष लालवानी गोपाल गुप्ता द्वारा सम्यक व्यायाम सम्यक आहार सम्यक निद्रा के माध्यम से अपने जीवन तथा स्वास्थ्य को कैसे संतुलित किया जाए इसके बारे में बताया जाता है। समिति के सदस्यों ने समस्त नागरिकों से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रयोग में सम्मिलित होकर अपने जीवन को दवा मुक्त बनाने की दिशा में पहल करें ।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com